कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.01.2025

विषयः- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेंचने वाला अभियुक्त अरविन्द गुप्ता गिरफ्तार, कुल 3.370 किलोग्राम अवैध चाइनीज मांझा बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से अपनी दुकान में प्रतिबंधित चाइनीज मंझा बेंच रहे अभियुक्त 1.अरविन्द गुप्ता पुत्र गुलाब गुप्ता निवासी मगरहुँआ थाना चौबेपुर वाराणसी को दिनांक-03.01.2025 को समय करीब 20.25 बजे मुनारी बाजार थाना चौबेपुर वाराणसी से कुल 3.370 किलोग्राम प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0010/2025 धारा 125/223/293 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 03.01.2025 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुनारी बाजार में एक दुकानदार पतंग व प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेच रहा है, जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान पर पहुंचकर दबिश दिया गया, तो अभियुक्त अरविन्द गुप्ता की दुकान से कुल 3.370 किलोग्राम प्रतिबन्धित अवैध चाइनीज मांझा बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.अरविन्द गुप्ता पुत्र गुलाब गुप्ता निवासी मगरहुँआ थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 36 वर्ष ।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- मुनारी बाजार थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-03.01.2025 को समय करीब 20.25 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 3.370 किलोग्राम प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0010/2025 धारा 125/223/293 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थाना प्रभारी/सहायक पुलिस आयुक्त विजय प्रताप सिंह थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 टुन्नू सिंह थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 सुरेन्द्र प्रताप यादव थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।